धनौरी पी.जी. कॉलेज

धनौरी (हरिद्वार) उत्तराखण्ड

राज्य सरकार द्वारा अनुदानित अशासकीय महाविद्यालय

सम्बद्ध – श्री देव सुमन विश्वविद्यालय
बादशाही थौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड

Taking steps in the
Direction
of Reality

Prospectus
विवरणिका

DHANAURI P.G. COLLEGE

Dhanauri (Haridwar)
[Uttarakhand State Government Aided College]

Affiliated to : Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahi Thaul (Tehri Garhwal), Uttarakhand

9627165303, 6395000300
dcd.dhanauri@gmail.com
www.dhanauricollege.ac.in

₹ 300/-

महाविद्यालय परिचय

सर्वद्रव्येषु विद्यैव द्रव्यमाहुरनुत्तमम्।
अहर्यत्वादन र्ध्यत्वादवतयत्वाच्च सर्वदा।।

"सब द्रव्यों में विद्यारूपी द्रव्य सर्वोत्तम है, क्योंकि वह किसी से हारा नहीं जा सकता, उसका मूल्य नहीं हो सकता और उसका कभी नाश नहीं होता।"

विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी हरिद्वार में मात्र 18 किमी० दूर हरिद्वार–सहारनपुर मार्ग पर गंगा नहर की प्रवाहित हो रही अविरल धारा के किनारे प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच धनौरी ग्राम में अक्षांश–29.85 देशान्तर 77.88 पर स्थापित यह महाविद्यालय हरिद्वार जिले के पुराने महाविद्यालयों में से एक है और विगत 17 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हरिद्वार की शिक्षा नगरी कही जाने वाली रुड़की से मात्र 10 मिनट से सड़क मार्ग द्वारा महाविद्यालय तक आसानी से पहुँचा जा सकता है।

इस ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का विकास व प्रचार–प्रसार करने, क्षेत्र के छात्र–छात्राओं में सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक चेतना पैदा कर उनका चारित्रिक निर्माण करने के उद्देश्य से 70 वर्ष पहले सैनी विद्यार्थी संघ ने वर्ष 1951 में जो संकल्प लिया था उसी को साकार करने के उद्देश्य से क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों और समाजसेवियों बाबू श्री तेलूराम सैनी जी (एम०एल०सी०) डॉ० पृथ्वी सिंह विकसित जी (पूर्व मंत्री), वैद्य श्री बलवीर सिंह जी, प्रधान श्री अमीर सिंह जी, बाबू मंगतराम जी, श्री चन्द्रकांत एडवोकेट जी, श्री न्यादर पुरी जी, श्री बाबूराम जी आदि ने मिलकर एक ट्रस्ट के माध्यम से वर्ष 1956 में नेशनल जूनियर हाईस्कूल की स्थापना की जो विकास पथ पर निरन्तर आगे बढ़ते हुए आज नेशनल इण्टर कॉलेज, धनौरी के रूप में समूचे घाड़ क्षेत्र में सुप्रतिष्ठित और सुविख्यात है।

ट्रस्ट द्वारा शैक्षिक विकास की यह यात्रा इसके पश्चात् भी अनवरत जारी रही और क्षेत्र में उच्च शिक्षा का अभाव देखते हुए नेशनल इण्टर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य और प्रसिद्ध समाजसेवी **स्व० डॉ० पृथ्वी सिंह विकसित जी** (पूर्व मंत्री) की कड़ी मेहनत से धनौरी डिग्री कॉलेज की स्थापना की। अपने स्थापना वर्ष 2004 में महाविद्यालय के कला संकाय को 7 विषयों, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग (चित्रकला) और भूगोल के साथ विश्वविद्यालय से विधिवत् मान्यता मिली और अगले ही वर्ष 2005 में महाविद्यालय ने प्रगति करते हुए गणित वर्ग और जीव विज्ञान वर्ग से भी विधिवत् मान्यता प्राप्त कर ली।

सत्र 2020–21 में श्री देव सुमन विश्वविद्यालय, बादशाही थौल (टिहरी गढ़वाल) से एम०ए० (हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, ड्राइंग एवं पेन्टिंग तथा भूगोल) एम०एस–सी० (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) विषयों में मान्यता प्राप्त कर ली गई।

डॉ० पृथ्वी सिंह विकसित जी द्वारा लगाये गये इस वटवृक्ष को वर्तमान में उनके सुपुत्र और हमारी प्रबंध समिति के माननीय सचिव श्री आदेश कुमार सैनी जी द्वारा निरंतर अथक प्रयासों से और विस्तारित किया जा रहा है। उनके प्रयासों से यह महाविद्यालय शासनादेश संख्या 1025/XXIV-C-2/2021/21(06)2021 के तहत स्वपोषित महाविद्यालय से अशासकीय महाविद्यालय के रूप में प्रोन्नत हो गया है। महाविद्यालय की यह प्रगति इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

महाविद्यालय का उद्देश्य

धनौरी पी०जी० कॉलेज का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्ता युक्त एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का सर्वांगीण विकास करना तथा उच्च शिक्षा को छात्र–छात्राओं को सुलभ कराना इस महाविद्यालय का उद्देश्य है। उच्च शिक्षा द्वारा छात्र–छात्राओं में ज्ञान और कौशल, नवीन नवाचारी एवं तकनीकी युक्त विभिन्न शिक्षण विधियों, विषय विशेषज्ञता युक्त दक्ष एवं अनुभवी मानव संसाधन, उत्कृष्ट अध्यापन कार्य, कुशल एवं दक्षतापूर्ण नेतृत्व तथा प्रशासनिक क्षमता का विकास करना है।

उच्च शिक्षा के द्वारा उत्कृष्ट पाठ्य सहगामी क्रियाओं का संचालन, सम्यक खेलकूद गतिविधियों एवं सास्कृतिक क्रियाकलापों का उन्नयन, उन्नत पुस्तकालीय तथा प्रयोगशालीय सुविधाओं की उपलब्धता और छात्र–छात्राओं को नैतिक, चारित्रिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक शैक्षिक परिपूर्णता युक्त व्यक्तित्व निर्माण करना ही महाविद्यालय का मूल उद्देश्य है।

"शिक्षण एक बहुत ही महान पेशा है जो किसी व्यक्ति के चरित्र क्षमता और भविष्य को आकार देता है।"

– डॉ० अब्दुल कलाम

हमारे प्रेरणा स्त्रोत

प्रतिपल महाविद्यालय के हितचिन्तक, संस्था की प्रगति के चहुँमुखी विकास के प्रतीक
समाज सेवी, शिक्षा प्रसार के अग्रगण्य, सादा जीवन उच्च विचार के पोषक
महाविद्यालय के संस्थापक महोदय

महाविद्यालय संस्थापक कीर्तिशेष डॉ0 पृथ्वी सिंह 'विकसित'

(पूर्व मंत्री–उत्तर प्रदेश सरकार)

5 जनवरी, 1932 से 22 जनवरी, 2014

जग–मग रहेंगे दीपक, तुम जो जला गये हो ।
रोशन रहेंगी राहें, तुम जो दिखा गये हो ।।

कर्म रहा जिनका धर्म, शिक्षा को पूर्ण समर्पण ।
उस मानव को नमन, प्रभु चरणों में अर्पण ।।

डॉ० कल्पना सैनी
सांसद, राज्यसभा (उत्तराखण्ड)

सत्यमेव जयते

सदस्य –
आवासन और शहरी कार्य विभाग संबंधी स्थायी समिति
परामर्शदात्री समिति, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड
हिंदी सलाहकार समिति (रेल मंत्रालय)

दिनांक : 25/05/23

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए **विवरणिका** प्रकाशित की जा रही है। इसके लिए विद्यालय प्रबन्धन को बहुत–बहुत बधाई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह विवरणिका न सिर्फ विद्यालयी क्रिया–कलापों व उसकी प्रगति का दर्पण होगी अपितु विद्यार्थियों के साथ–साथ सामान्य जनों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी।

महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित की जा रही विवरणिका के सफल प्रकाशन हेतु महाविद्यालय परिवार को मेरी ओर से शुभकामनायें ।

(डॉ० कल्पना सैनी)

प्राचार्य
धनौरी पी०जी० कालेज
धनौरी (हरिद्वार)

538, आवास विकास कॉलोनी, रुड़की, जिला–हरिद्वार, उत्तराखण्ड–247667, फोन–01332–297772
सी–303, स्वर्ण जयंती सदन, डॉ०बी०डी० मार्ग, नई दिल्ली–110001, फोन : 011–23311211
मोबाइल : +91-9837944497, 9013181911, 9013181912
ई–मेल : kalpanasaini.mprs@sansad.nic.in, dr. kalpana.saini/@gmail.com

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड–249199

Sri Dev Suman Uttarakhand University

Badshahithaul, Tehri Garhwal, Uttarakhand - 249199

प्रो० एन०के० जोशी
Prof. N.K. Joshi
कुलपति
Vice Chancellor

Tel. : 01376 - 254110 (O)
Fax : 01376 - 254110
Website : www.sdsuv.ac.in
Mail Id : sdsuv123@gmail.com

Ref. No. : SDSUV/Memo **Dated : 17 / 05 / 2023**

संदेश

हर्ष का विषय है कि **धनौरी पी०जी० कॉलेज, धनौरी, हरिद्वार** द्वारा महाविद्यालय की **"विवरणिका"** का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित की जाने वाली **"विवरणिका"** में विद्यार्थियों को समस्त प्रवेश सम्बन्धी जानकारी देने के साथ–साथ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

मैं, धनौरी पी०जी० कालेज, धनौरी, हरिद्वार द्वारा प्रकाशित की जाने वाली **"विवरणिका"** की भव्यता एवं सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनायें ज्ञापित करता हूँ।

मंगलकामनाओं सहित!

प्रो० (एन०के० जोशी)
कुलपति।

प्राचार्य
धनौरी पी०जी० कालेज, धनौरी
हरिद्वार।

सचिव महोदय की कलम से

शिक्षा और ज्ञान अभाव में व्यक्ति अपने उच्चतम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। उसके आत्मविश्वास के निर्माण और व्यक्तित्व के विकास के लिए जीवन की आत्मनिर्भरता और सफलता के लिए बेहतर शिक्षा बहुत ही आवश्यक होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए आज से लगभग 70 वर्ष पूर्व **हमारे पूज्य पिताजी स्व० डॉ० पृथ्वी सिंह विकसित जी** ने क्षेत्र के अन्य लोगों के साथ मिलकर शैक्षणिक उद्देश्य से इस ट्रस्ट को स्थापित किया था। आज हम उसी उद्देश्य और संकल्प को लेकर सेवाभाव से आगे बढ़ने के लिए कटिबद्ध हैं और निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। इस कार्य में हमें क्षेत्र और समाज के लोगों का भरपूर समर्थन और सहयोग मिल रहा है, इसके लिए हम उन सबके आभारी हैं। क्षेत्र के लोगों का सहयोग और समर्थन हमें आगे बढ़ने की नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। आज हम इस ग्रामीण क्षेत्र में बालक–बालिकाओं को प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक से लेकर उच्च स्तर तक स्नातक और परास्नातक की सभी शिक्षा न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध करा रहे हैं। हमारे यहाँ कला, वाणिज्य, विज्ञान और कृषि वर्ग में शिक्षा प्रदान करने का कार्य योग्य, कुशल और अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से निकट भविष्य में हम मेडिकल का पाठ्यक्रम भी शुरू करने वाले हैं। इसके अलावा क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हमने अनेक रोज़गार पूरक पाठ्यक्रम होटल मेनेजमेंट, पत्रकारिता, योगा में पी०जी० डिप्लोमा कोर्स को आरम्भ किया है। सभी छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए हम अपने सभी संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ गैर शैक्षणिक गतिविधियों को यथा खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताओं को भी बढ़ावा देते हैं। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं है बल्कि छात्र–छात्राओं में संस्कार, ज्ञान कौशल और नवोन्मेष के प्रति वह अभिरूचि उत्पन्न करनी है जिससे कि जीवन में वें आत्मनिर्भर बनकर अपने दूरगामी लक्ष्य को हासिल कर सकें तथा जीवन में आने वाली चुनौतियों और समस्याओं का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। हमारे नव युवा हमारे समाज और राष्ट्र के कर्णधार हैं। उनकी सोच को अधिक तर्कसंगत, बौद्धिक और वैज्ञानिक रूप से विकसित करना हमारा लक्ष्य है। हमारे संस्थानों से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर वें अपने क्षेत्र, समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका अदा कर अपना और अपने देश का नाम रोशन करें यही हमारी शुभकामना हैं।

आदेश कुमार
(सचिव–प्रबन्ध समिति)



प्राचार्य महोदय की कलम से...

आजादी के अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए विगत कई वर्षों की भांति इस नवीन शैक्षणिक सत्र में भी हमारा महाविद्यालय शिक्षा की महत्ता और गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी तरीके से स्थापित करने और क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए सदा संकल्पित है। उच्च प्रशिक्षित प्राध्यापकों की टीम जिस तरह से हमारे छात्र–छात्राओं को **ज्ञान, सदाचार और अनुशासन** के साथ **नवाचार** की ओर उन्मुख कर रही है वह निश्चित ही युवाओं को जागरुक करने एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहयोगी साबित हो रही है।

हमारा संकल्प है **"जागृति, स्वावलम्बन और चरित्र निर्माण"** और इस संकल्प की प्राप्ति हेतु हम नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करते हुए छात्र–छात्राओं में उच्च शैक्षिक मूल्यों को प्रतिष्ठापित करते हुए उन्हें उच्च प्रशिक्षित करने हेतु प्रयासरत हैं। हम शिक्षा के वैश्विक मानदण्डों के साथ तालमेल बनाते हुए नवोन्मेष के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारी इस यात्रा में हम अपने शिक्षक–शिक्षिकाओं और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, अभिभावकों व छात्र–छात्राओं द्वारा दिये जा रहे सहयोग के प्रति आभारी हैं।

नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनायें।

डॉ० सुमन पाल सिंह सिरोही
(प्राचार्य)

हमें ऐसी शिक्षा चाहिए, जिससे चरित्र–निर्माण हो, मानसिक विकास हो, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके – स्वामी विवेकानन्द

– महाविद्यालय में उपलब्ध अनुदानित पाठ्यक्रम –

कला संकाय

स्नातक कोर्स (बी०ए०)

प्रत्येक विषय में 60 सीटें

1. हिन्दी (साहित्य)
2. अंग्रेजी (साहित्य)
3. समाजशास्त्र
4. राजनीति विज्ञान
5. अर्थशास्त्र
6. ड्राइंग एवं पेन्टिंग
7. भूगोल
8. शिक्षाशास्त्र
9. इतिहास
10. संस्कृत
11. गृह विज्ञान

स्नातकोत्तर कोर्स (एम०ए०)

प्रत्येक विषय में 30–30 सीट

1. हिन्दी (साहित्य)
2. अंग्रेजी (साहित्य)
3. समाजशास्त्र
4. राजनीति विज्ञान
5. अर्थशास्त्र
6. ड्राइंग एवं पेन्टिंग
7. भूगोल

विज्ञान संकाय

स्नातक कोर्स (बी०एस सी०)

प्रत्येक विषय में 60 सीटें

1. भौतिक विज्ञान
2. गणित
3. जन्तु विज्ञान
4. वनस्पति विज्ञान
5. रसायन विज्ञान

स्नातकोत्तर कोर्स (एम०एस सी०)

1. भौतिक विज्ञान (25 सीट)
2. रसायन विज्ञान (40 सीट)
3. गणित (25 सीट)
4. जन्तु विज्ञान (25 सीट)
5. वनस्पति विज्ञान (25 सीट)

स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम

डिप्लोमा कोर्स (प्रत्येक 60–60 सीट)

1. PGD In Journalism and Mass Communication (**योग्यता स्नातक उत्तीर्ण**)
2. PGD in Yoga Holestic Health & Life Style Management (**योग्यता स्नातक उत्तीर्ण**)
3. Diploma in Hotel Management (**योग्यता 10+2 उत्तीर्ण**)

छात्र/छात्राओं द्वारा प्रवेश फार्म के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रमाण–पत्र / प्रपत्र

1. **हाईस्कूल एवं इन्टर की मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट की मूलप्रति एवं स्वप्रमाणित प्रतिलिपि**
2. **चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रतिलिपि**
3. **स्थानांतरण पत्र की मूल प्रतिलिपि। (टी०सी०)**
4. **जाति प्रमाण–पत्र की प्रतिलिपि**
5. **विकलांग, स्वतंत्रता सेनानी, कारगिल शहीद आदि का प्रमाण पत्र**
6. **आधार कार्ड की छायाप्रति**
7. **मूल निवास प्रमाण–पत्र की छायाप्रति**
8. **आय प्रमाण–पत्र की मूल प्रति**
9. **तीन रंगीन पासपोर्ट साईज़ फोटो**

नोट :

- प्रवेश के समय छात्र/छात्राओं को उपरोक्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।
- प्रवेश के समय प्रत्येक छात्र/छात्रा को आभा (ABHA) पोर्टल पर (https://healthid.ndhm.gov.in) स्वयं को पंजीकृत कर उसकी login id प्रवेश फार्म के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
- प्रवेश के समय प्रत्येक छात्र/छात्रा को digilocker (Academic Bank of Credit) पर (ABC id) का पंजीकरण कराकर उसकी login id महाविद्यालय में जमा करना होगा।

" नीयत अच्छी और मेहनत सच्ची हो तो कामयाबी जरूर मिलती है। "

– स्वामी विवेकानन्द

– प्रवेश नियम –

1.1 विश्वविद्यालय के पत्रांक सं० **233/SDSUV/Exam/2023** दिनांक 9/5/2023 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2023-24 (NEP के अन्तर्गत) समस्त छात्र–छात्राओं के प्रवेश **"समर्थ प्रवेश पोर्टल" https://ukadmission.samarth.ac.in** के माध्यम से किये जायेंगे। पोर्टल पर पंजीकरण हेतू छात्र–छात्रा के पास अपनी ई.मेल आईडी और मोबाइल फोन का होना अनिवार्य है।

1.2 विश्वविद्यालय से निर्धारित प्रवेश की अन्तिम तिथि के पश्चात प्रवेश सम्भव नहीं होगा। On Line/Off Line प्रवेश की तिथि के निर्धारण/परिवर्तन/विस्तार के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय विश्वविद्यालय का होगा।

1.3 परिसरों/महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न अभ्यर्थियों के On Line /Off Line प्रवेश आवेदनों के आधार पर अन्तिम योग्यता सूची तैयार की जाएगी तथा काउंसलिंग के उपरान्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान अन्तिम योग्यता सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित करेंगे और उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश देंगे, जिनकी समस्त अर्हताओं तथा On Line/Off Line प्रवेश आवेदन पत्र/फार्मेट में अंकित सूचनाओं का सत्यापन मूल अंकपत्रों व प्रमाण पत्रों के आधार पर परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर सत्यापन (Verification) कर लिया गया हो।

1.4 On Line /Off Line माध्यम से उपरोक्तानुसार आवेदन किए हुए अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के समय सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में अपने ऑन लाईन/ऑफ लाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, शैक्षणिक मूल प्रमाणपत्रों एवं अंकतालिकाओं तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों यथा अधिभार/आरक्षण विषयक प्रमाण पत्रों आदि में से प्रत्येक की स्पष्ट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ स्वयं प्रवेश समति के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

1.5 विश्वविद्यालय प्रवेश समिति द्वारा बनाये गये नियमों के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित कक्षाओं में ऑन लाईन/ऑफ लाईन (On Line/Off Line) पद्धति से प्रवेश सम्बन्धित प्राचार्य/सक्षम अधिकारी द्वारा किये जाएंगें। सभी विषयों में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्रत्येक महाविद्यालय/संस्थान एवं विश्वविद्यालय के परिसरों के लिये विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों पर ही प्रवेश किये जायेंगे।

1.6 किसी पाठ्यक्रम के अध्यापन के लिए शिक्षकों की संख्या तथा प्रयोगात्मक कक्षाओं में स्थान तथा संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर ही प्रवेश हेतु सीटों की संख्या निर्धारित की जायेगी।

1.7 (क) जो अभ्यर्थी नैतिक भ्रष्टाचार अथवा हिंसा के अभियोग में न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया हो, उसे किसी भी पाठ्यक्रम/कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि प्रवेश के बाद उसे नैतिक भ्रष्टाचार अथवा हिंसा के अभियोग में न्यायालय द्वारा दण्डित किया जाता है तो उसका प्रवेश सम्बन्धित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय–परिसर द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा तथा जिसकी लिखित सूचना विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र तथ्यों सहित लिखित रूप से प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

(ख) यदि कोई अभ्यर्थी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की किसी कक्षा में धोखाधड़ी से प्रवेश लेता है तो उसका प्रवेश सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है तथा जिसकी लिखित सूचना विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

(ग) यदि किसी छात्र के विरुद्ध न्यायालय में कोई वाद चल रहा हो और वह जमानत पर रिहा हो चुका हो, ऐसे छात्र को मा० न्यायालय के आदेश के क्रम में अर्ह होने पर ही प्रवेश देने पर विचार किया जा सकता है।

(घ) किसी विद्यार्थी को आपराधिक गतिविधि के कारण पुलिस/प्रशासन द्वारा निरुद्ध किये जाने की दशा में सम्बन्धित छात्र को निरुद्ध की गई अवधि के लिए महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर से तुरन्त निलम्बित कर दिया जायेगा तथा दण्डित किये जाने पर उसका प्रवेश निरस्त हो जायेगा।

1.8 सम्बन्धित संकयाध्यक्ष/प्राचार्य अथवा प्रवेश स्वीकृत करने के लिये सक्षम अधिकारी/समिति युक्ति संगत कारण होने पर अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रवेश अस्वीकार/निरस्त कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में उनका निर्णय अन्तिम होगा तथा इसकी लिखित सूचना विश्वविद्यालय को तथ्यों सहित प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

1.9 (क) किसी भी अभ्यर्थी को जो महाविद्यालय/संस्थान/विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासनहीनता करने पर दण्डित किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय के किसी भी परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(ख) किसी भी अभ्यर्थी को यदि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अनुचित साधन प्रयोग करने पर दण्डित किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थी को अनुचित साधन प्रयोग हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये दण्ड स्वरूप विश्वविद्यालय के किसी भी परिसर/महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा तथा ऐसे अभ्यर्थी द्वारा यह अप्रकट रखते हुए लिये गये प्रवेश को प्रवेश नियम 1.7 (ख) के अन्तर्गत "धोखाधड़ी से प्रवेश लेना" माना जायेगा तथा ऐसे प्रकरण की जानकारी होने पर परिसर/महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय कार्यालय को 15 कार्यदिवसों के अन्तर्गत अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जायेगी।

1.10 प्रवेशरत किसी भी विद्यार्थी ने यदि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय–सीमा के भीतर अपना प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/संकाय में जमा न किया हो, तो ऐसे विद्यार्थी को दिया गया प्रवेश सक्षम अधिकारी द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

1.11 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आरक्षण उत्तराखण्ड शासन के निर्देशों के अनुसार अनुमन्य होगा, जोकि निम्नवत है–

1. अनुसूचित जाति	19%
2. अनुसूचित जनजाति	04%
3. अन्य पिछड़ा वर्ग	14%
4. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	10% (निर्धारित सीटों के अतिरिक्त)

(आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण सम्बन्धी अद्यतन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित वैधता अवधि से पूर्व का न हो।)

नोट–स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, महिलाओं, भूतपूर्व सैनिकों तथा दिव्यांग व्यक्तियों को उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेशानुसार क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation) अनुमन्य होगा–

1. महिलायें	30%
2. भूतूपर्व सैनिक	05%
3. दिव्यांग	04%
4. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित	02%

(जो महिला/व्यक्ति जिस वर्ग का होगी/होगा उसे उसी श्रेणी का क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation) अनुमन्य होगा, किन्तु प्रत्येक वर्ग में सामान्य योग्यता–क्रम में यदि चयन के बाद उपर्युक्त प्रतिशत के साथ यदि अभ्यर्थियों की संख्या पूर्ण हो जाती है तो अतिरिक्त आरक्षण देय नहीं होगा। उत्तराखण्ड शासन द्वारा नीतिगत संशोधन के अनुसार आरक्षण की स्थिति निर्धारित की जा सकती है।

1.12 मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के आधार पर कश्मीरी विस्थापित छात्रों को प्रवेश में निम्नलिखित सुविधायें प्रदत्त की जायेगी।

(i) Extension in date of admission upto 30 days.
(ii) Relaxation in cut-off percentage upto 10% subject to minimum eligibility requirement.
(iii) Waiving of domicile requirement.

1.13 स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने वाले छात्रों को निम्नलिखित श्रेणी में आने पर वांछित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने की दशा में उनके सम्मुख अंकित अंकों का लाभ देय होगा–

(क)	एन.सी.सी. 'बी' 'सी' प्रमाण पत्र प्राप्त अथ्यर्थी	25 अंक
(ख)	राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विशेष शिविर (कम से कम सात दिवसीय शिविर में भाग लेने पर)	20 अंक
(ग)	प्रतिरक्षा सेनाओं के कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारियों या उनके पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी/सगा भाई/बहन	20 अंक
(घ)	जम्मू–कश्मीर में तैनात अर्द्ध–सैनिकों के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी/सगा भाई बहन तथा जम्मू–कश्मीर से विस्थापित या उनके पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी/सगा भाई बहन	20 अंक
(ड)	अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी मान्यता प्राप्त खेल में प्रतिभाग करने पर	50 अंक
(च)	अन्तर–विश्वविद्यालय/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने पर	40 अंक
(छ)	शासन द्वारा/खेल फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने पर	30 अंक
(ज)	राज्य/अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर	25 अंक
(झ)	अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर	25 अंक
(ण)	अन्तर महाविद्यालय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में विजेता अथवा उपविजेता	25 अंक
(ट)	जिला शिक्षा अधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रतियोगिता प्रमाण पत्र जिला/मण्डल स्तर पर प्रतिभाग के आधार पर	20 अंक
(ठ)	अन्तर–महाविद्यालय प्रतियोगिता में परिसर/महाविद्यालय/संस्थान की किसी खेल की टीम पर सदस्य होने पर	15 अंक

नोट–उपरोक्त श्रेणियों में आने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम 50 अंकों का लाभ देय होगा। उपर्युक्त लाभ केवल न्यूनतम योग्यता धारकों को प्रवेश हेतु देय होगा तथा उक्त के अन्तर्गत प्राप्त अंकों का लाभ किसी भी कक्षा में प्रवेश के लिए अर्हता निर्धारण हेतु नहीं जोड़ा जाएगा। यह केवल वरीयता निर्धारण हेतु प्रयोग में लाया जायेगा।

1.14 (क) यदि किसी अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर किसी विषय/संकाय/महाविद्यालय मे प्रवेश ले लिया है और उसके उपरान्त वह अपने विषय/संकाय/महाविद्यालय में परिवर्तन चाहता है तो उक्त परिवर्तन सम्बन्धित परिसरों/महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा उक्त अनापत्ति (NOC) के पश्चात् निर्धारित शुल्क जमा करते हुए प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि तक स्थान रिक्त होने की दशा में ही अनुमन्य होगा।

(ख) प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर कोई भी परिवर्तन किया जाना अनुमन्य नहीं होगा।

1.15 (क) स्नातक कक्षा में प्रवेश हेतु–

प्रवेश नियमों के अन्तर्गत रहते हुए किसी भी अभ्यर्थी को इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त–

1. अभ्यर्थी को प्रवेश योग्यता सूची के आधार व कक्षा में स्थान रिक्त होने पर दिये जायेगें (शैक्षणिक अवरोध की दशा में योग्यता सूची तैयार किये जाने हेतु प्रत्येक वर्ष के लिये विद्यार्थी की इन्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्तांकों के 05 प्रतिशत अंक कम किये जोयंगे।)
2. किसी भी एक वर्ष को पूरा करने की अधिकतम अवधि तीन वर्ष होगी।

व्याख्या (Explanation) : यदि विद्यार्थी सतत्ता में तीनों वर्ष में पढ़ाई करता है तो उसे अधिकतम नौ वर्ष मिलेंगे किन्तु यदि विद्यार्थी किसी एक वर्ष का सर्टिफिकेट/डिप्लोमा लेकर चला जाता है तो वह बाकि के वर्षों की पढ़ाई पूरा करने के लिए तीन वर्ष (प्रति एक वर्ष की पढ़ाई) के मिलेंगे।

3. भविष्य में यू.जी.सी. अथवा एन.एच.ई.क्यू.एफ. के माध्यम से उपरोक्त संबंध में जो भी दिशा–निर्देश प्राप्त होंगे उसके आधार पर आवश्यकता परिवर्तन किया जाना आवश्यक परिवर्तन किया जाना आवश्यक होगा।

1.16 श्री देवसुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध महाविद्यालयों/परिसरों/संस्थानों में बिना स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी.सी.) के किसी भी विद्यार्थी को स्नातक कक्षाओं/पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। विशेष

परिस्थिति में प्रवेश अनुमन्य किये जाने पर अधिकतम एक माह के भीतर सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/संकाय में स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

1.17 (क) प्रत्येक विद्यार्थी हेतु सम्बन्धित विषयों की कक्षाओं में नियमानुसार न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। विशेष परिस्थितियों में संकायाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा 05 प्रतिशत तक तथा संकायाध्यक्ष/प्राचार्य की संस्तुति पर कुलपति जी द्वारा 10 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा सकती है।

(ख) अभ्यर्थी के प्रवेश से सम्बन्धित वाद–विवाद के निपटारे हेतु सम्बन्धित महाविद्यालय /परिसर में संस्थाध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित प्रवेश समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा, जोकि अभ्यर्थी को मान्य होगा।

1.18 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रैगिंग संबंधी विनियम 2009 में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग प्रतिबंधित एवं निषिद्ध है। रैगिंग के मामले में अपराधी पाए जाने पर संबंधित छात्र–छात्रा के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

वैधानिक नियन्त्रण : विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त प्रवेश नियमों के आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तन करने का अधिकार श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल के पास सुरक्षित होगा तथा परिवर्तन सभी पक्षों को मान्य होगा।

शुल्क मुक्ति :

महाविद्यालय में निर्धन छात्र/छात्रा को पूर्ण अथवा अर्द्ध शुल्क मुक्ति प्रदान की जाती है। छात्र/छात्राओं को चाहिए कि वे प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर तक शुल्क मुक्ति का प्रार्थना–पत्र दें। 15 सितम्बर के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्र अथवा अपूर्ण प्रार्थना पत्र पर विचार करना सम्भव नहीं। प्रत्येक छात्र/छात्रा को शुल्क मुक्ति आवेदन पत्र भरते समय संरक्षक अथवा अभिभावक की आय का प्रमाण पत्र देना होगा अन्यथा शुल्क मुक्ति किसी दशा में नही दी जायेगी। शुल्क मुक्ति एवं शुल्क अर्धमुक्ति की सुविधा केवल उस समय तक रहेगी जब तक वे कक्षा में उत्तीर्ण होते रहेंगे। यदि विश्वविद्यालय परीक्षा में उत्तीर्ण न हुई तो उनको दी हुई शुल्क मुक्ति की सुविधा वापस ले ली जायेगी।

शुल्क वापसी नियम

महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र/छात्रा यह सुनिश्चित कर लें कि एक बार प्रवेश लेने के पश्चात अगर आप अपना प्रवेश निरस्त कराते हैं तो आपके द्वारा जमा शुल्क किसी दशा में वापिस नहीं होगा।

महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क स्वंय जमा करना होगा।

परिचय–पत्र :

परिचय पत्र पर प्रत्येक छात्र/छात्रा को अपना फोटो चिपकाकर मुख्य अनुशासक / कार्यालयाध्यक्ष महोदय को देना होगा, जिस पर सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर के बाद कार्यालयाध्यक्ष महोदय छात्र/छात्रा को लौटा देंगे। छात्र/छात्रा को यह परिचय पत्र अपने पास रखना होगा। पुस्तकालय में परिचय पत्र दिखलाने पर ही पुस्तकें मिल सकेंगी। उन स्थानों और अवसरों पर भी जहाँ इस कॉलेज की छात्र/छात्रायें उपस्थित होने का अधिकार रखती है यह परिचय पत्र निरीक्षण हेतु छात्र/छात्रा के पास होना आवश्यक है। परिचय–पत्र यदा–कदा चैक होने पर ना पाया गया तो उचित दण्ड दिया जायेगा। यह परिचय–पत्र केवल एक वर्ष के लिए ही मान्य होगा। प्रत्येक विषय में छात्र/छात्रा की उपस्थिति 75 प्रतिशत होना अनिवार्य है, यही नियम सामान्य विषयों के सम्बन्ध में भी है, किन्ही विशिष्ट परिस्थितियों या संतोषजनक कारणों के होने पर उस छात्र/छात्रा को (जिसकी उपस्थिति 60 प्रतिशत है) परीक्षा में अस्थाई रूप में बैठाया जायेगा, उसके पत्रादि कुलपति को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेज दिये जायेंगे। कुलपति के अनुमोदन के बाद ही परीक्षा दी जा सकेगी। 60 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्रायें किसी भी परिस्थिति में परीक्षा नही दे सकेंगे। छात्र/छात्राओं की उपस्थिति की गणना निर्धारित तिथि से होगी। खो जाने पर 50 रु० अतिरिक्त देय करना होगा।

"खुद में वो बदलाव लाईये जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।"

– महात्मा गाँधी

– पाठ्येत्तर विकासोन्मुखी गतिविधियाँ –

पुस्तकालय सुविधायें (Library Facilities)

महाविद्यालय में लगभग 15,000 पाठ्य पुस्तकों एवं संदर्भ ग्रंथों का एक विशालकाय पुस्तकालय है। संस्थागत छात्र/छात्राओं को एक समय में दो पुस्तकें 15 दिनों के अध्ययन के लिए दी जाती है। समय पर पुस्तक न लौटाने की स्थिति में एक रूपया प्रतिदिन प्रति पुस्तक की दर से अर्थदण्ड लगाने की व्यवस्था है। एक सत्र के लिए एक विद्यार्थी को दो पुस्तकालय पत्रक दिये जाते हैं। विद्यार्थी से पत्रक खो जाने पर दोबारा आवेदन के साथ रु0 50/– शुल्क जमा करवाना होगा।

बुक बैंक के नियम

- बुक बैंक का ध्येय छात्र/छात्राओं का ज्ञानवर्धन है जो छात्र/छात्रायें पुस्तक क्रय करने में असमर्थ है वे इससे पूरा लाभ उठा सकते हैं।
- बुक बैंक से पुस्तके प्राप्त करने के इच्छुक छात्र/छात्रायें अपना प्रार्थना पत्र यथाशीघ्र पुस्तकालयाध्यक्ष को दे देंगे। प्रार्थना पत्र में अभिभावक की मासिक आय, आश्रित प्राणियों की संख्या तथा अन्तिम दी हुई परीक्षा के प्राप्तांक लिखने होंगे।

अनुशासनात्मक मण्डल (Proctorial Board)

महाविद्यालय में अनुशासन बनाये रखने हेतु एक अनुशासनात्मक मण्डल प्रभावी ढंग से कार्य करता है। यदि कोई विद्यार्थी कॉलेज की मान्य परम्पराओं एवं स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन करता है अथवा अवांछित गतिविधियों में सम्मिलित होता है तो प्रोक्टोरियल बोर्ड उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने में सक्षम है।

उपस्थिति (Attendance)

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के द्वारा दिनांक 12 नवम्बर, 1997 को जारी अपने आदेश में स्पष्ट किया गया है कि महाविद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को 75% उपस्थिति पूरी करनी होगी। जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 75% से कम होगी, उन्हें विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जायेगी।

नकल विरोधी नियम (Anti Copy Law)

विश्वविद्यालय द्वारा अपने नियमों के अन्तर्गत अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले विद्यार्थियों को अलग दण्डित करने की भी व्यवस्था है।

सूचना पट्ट (Information Board)

कॉलेज की विभिन्न सूचनाओं एवं आदेशों को सूचित करने का केन्द्र सूचना पट्ट है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे प्रतिदिन सूचना पट्ट पर अंकित सूचनाओं को अवश्य पढ़े। सूचना पट्ट पर दी गयी सूचनायें ही वैधानिक रूप से मान्य होगी।

प्रशासनिक समितियाँ (Administrative Committees)

छात्र/छात्राओं के हितों को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में विभिन्न प्रशासनिक समितियों का गठन किया जाता है जिसमें प्राध्यापकों के साथ–साथ विद्यार्थियों को भी सम्मिलित किया जाता है।

शिकायत पेटिका (Complaint Box)

छात्र–छात्रायें बिना किसी संकोच व भय के अपनी शिकायतें महाविद्यालय प्रशासन/प्रबन्धन तक पहुँचा सके, इस उद्देश्य से महाविद्यालय के परिसर में शिकायत पेटिका उपलब्ध करायी गयी है।

प्रयोगशाला (Laboratory)

महाविद्यालय में प्रयोगात्मक कार्य के लिए सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित सभी विषयों की प्रयोगशालाएं हैं। जहां पर विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक कार्य करने की सम्पूर्ण सुविधा प्राप्त है। प्रयोग करते समय छात्र–छात्राओं को उपकरणों तथा अन्य सामान का उपयोग सावधानी से करना चाहिए। समायानुसार प्रयोगशाला सहायक तथा तत्सम्बन्धी प्राध्यापक से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। लापरवाही से किये गये कार्य व प्राध्यापक की अनुमति के बिना प्रयोगशाला में प्रवेश दण्डनीय होगा। रासायनिक प्रयोगशाला में प्रयोगात्मक कार्यों के लिए प्रत्येक छात्र–छात्रा को गैस लैम्प की सुविधा उपलब्ध है। प्रयोगशाला उपकरणों की हानि के लिए उत्तरदायी छात्र–छात्रा से उपकरण के मूल्य के समान धनराशि वसूल की जाएगी।

एन०एस०एस० (N.S.S.)

